ई-मेल/ बेवसाइट द्वारा

सं.12015/01/2023-रा.भा.(त.क.)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
(तकनीकी कक्ष)
*****

एनडीसीसी-II भवन, बी विंग,
चौथा तल, जयसिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 05/07/2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय:- हिन्दी दिवस समारोह 2024 एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के संयुक्त आयोजन में सहभागिता हेतु पंजीकरण के संबंध में ।

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय अपने संवैधानिक दायित्वों के अंतर्गत केंद्र सरकार के कार्यालयों/ विभागों/ उपक्रमों/बैंकों आदि में राजभाषा हिंदी के प्रसार और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए प्रतिबद्ध है। माननीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी के मार्गदर्शन में राजभाषा विभाग द्वारा हिंदी दिवस 2023 एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मलेन का भव्य आयोजन पुणे, महाराष्ट्र में किया गया था। दो दिवसीय इस आयोजन में देशभर के लगभग 10 हजार हिंदी सेवियों ने प्रतिभागिता की।

2. पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी हिंदी दिवस-2024 एवं चतुर्थ अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का संयुक्त आयोजन भव्य एवं गरिमामय रूप में **माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में भारत मंडपम, नई दिल्ली** में आयोजित किया जाएगा ।

3. माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में होने वाले इस संयुक्त सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की स्थिति और बेहतर करने के बारे में चर्चा की जाएगी। अत: केंद्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों/अधीनस्थ कार्यालयों/उपक्रमों/बैंकों/स्वायत संस्थानों/निकायों/बोर्डों/नराकासों के कार्यालय प्रमुखों से अपेक्षा है कि वे इस सम्मेलन में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभागी भेजकर आयोजन को सफल बनाएं। सम्मेलन **के सभी सत्रों में उपस्थित प्रतिभागियों को समापन सत्र में सहभागिता प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।**

4. इस सम्मेलन में प्रतिभागियों के यात्रा एवं दैनिक भत्तों (टी. ए/डी ए.) का वहन संबंधित मंत्रालय/कार्यालय/ संगठन द्वारा सरकारी नियमानुसार किया जाएगा। प्रतिभागियों को अपने ठहरने की व्यवस्था भी स्वयं करनी होगी।

5. उक्त सम्मेलन में राजभाषा से जुड़े सभी कार्मिकों और राजभाषा का काम देख रहे अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए।

6. **सम्मेलन में प्रतिभागिता हेतु पंजीकरण (नि:शुल्क) अनिवार्य है । पंजीकरण राजभाषा विभाग की वेबसाइट https://rajbhasha.gov.in पर "राजभाषा समारोह" टैब पर दिए गए लिंक https://164.100.54.224/hds2024 से किया जा सकता है ।**

7. सम्मेलन हेतु पंजीकरण पोर्टल दिनांक 10 जुलाई, 2024 से 20 अगस्त, 2024 तक खुला रहेगा।

अनिल कुमार
(अनिल कुमार)
उप सचिव, भारत सरकार

सेवा में :-

1. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंकों /स्वायत संगठनों /अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुख।
2. सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय के कार्यालय प्रमुख।
3. सभी नराकासों के अध्यक्ष एवं सदस्य सचिव।